# छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने ली शपथ

## पुलिस ने चलाया नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता अभियान

**मंडीदीप 16 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय की ओर से हर जिले में नशा मुक्ति के लिए जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई तक मंडीदीप में भी इस अभियान की शुरुआत हुई. एसडीओपी शीला सुराणा के नेतृत्व में मंडीदीप पुलिस ने नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया.**

अभियान के तहत नगर के शासकीय स्कूल में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की अपील की गई और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया. शासकीय स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नशा से दूर रहने की शपथ ली और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया, एसडीओपी शीला सुराणा ने




बताया की मंडीदीप पुलिस की इस पहल का उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है.

दरअसल, बीते कुछ वर्षों से प्रदेश में अलग-अलग तरह के खतरनाक नशे तेजी से पैर पसार रहा हैं, जिसमें नशे के सौदागर चंद पैसों के लिए युवा पीढ़ी को बर्बादी की ओर लेकर जा रहे हैं. इन नशे के सौदागरों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस की ओर से विशेष अभियान भी चलाए गए और करोड़ों रुपए की नशीली दवाओं व मादक पदार्थों को जब्त किया गया.

> लेकिन मध्य प्रदेश पुलिस ने अब नशे को जड़ से समाप्त करने के साथ ही तस्करों की कमर तोड़ने के लिए एक नए ऑपरेशन की शुरुआत की है, जिसका नाम नशे से दूरी है जरूरी दिया गया है. इस मौके पर मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, नूरगंज थाना प्रभारी तेज पाल सिंह, नगर पालिका मुख्य अधिकारी प्रशांत जैन मौजूद रहे.



# नशे पर रोक लगाने पुलिस ने निकाली रैली

**बैरसिया, 16 जुलाई. युवाओं को नशे से बचाने ओर समाज मे जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय ने 15 से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान शुरू किया है.**

इसी कड़ी में बुधवार को बैरसिया थाना प्रभारी बीरेंद्र सेन ने पुलिस स्टॉप ओर नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर वाहन रैली निकाली और नशा मुक्ति के प्रति युवाओं को जागरूक किया.

थाना प्रभारी सेन ने अपील की है कि यदि किसी को नशे के सौदागरों के बारे के जानकारी हो तो वे पुलिस के हेल्पलाइन नंम्बर पर सूचित करें. जानकारी देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जायेगी.

> तत्पश्चात थाना प्रभारी सेन एसआई दिलीप जायसवाल, एसआई दुबे, प्रधान आरक्षक खेमेन्द्र सोलंकी, आरक्षक बीरेंद्र सिंह राजपूत सहित पुलिस स्टॉफ टीम ने स्कूलों में जाकर नशा के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई.

# बिजली अधिकारी के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित

- जनपद पंचायत की बैठक में कई विभागों की समीक्षा
- बिजली अधिकारी पर लोगों से अभद्रता करने का आरोप

**बैरसिया, 16 जुलाई. बैरसिया जनपद पंचायत के सभागार में बुधवार को जनपद अध्यक्ष लता कुबेर सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में साधारण सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक हुई. जनपद सीईओ देवेश सराठे ने एजेंडे अनुसार बैठक की कार्यवाही की शुरुआत कराई.**

इसमें विद्युत, महिला बाल विकास, स्वस्थ , कृषि , वन सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई. इस दौरान सदस्य मंजू घनश्याम शर्मा ने बिजली कंपनी के सहायक प्रबंधक हेमंत डेहरिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली सम्बंधी काम के लिए दफ्तर गए क्षेत्र के लोगों से अभद्रता पूर्वक व्यवहार करते हैं. इतना ही नहीं इनका व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति भी ठीक नहीं है.

उनका जुमला है कि मैं भिंड का रहने वाला हूं. वह बिजली चोरी का झूठा प्रकरण बनाने की धमकियां किसानों को देते हैं. इनके संरक्षण में ग्राम कलारा में पदस्थ लाइनमैन प्रीतम सिंह पाल भोपाल में निवास करते हैं. रात में ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान रहते हैं.

> बैठक में बिजली अधिकारी हेमंत डेहरिया के खिलाफ सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया. डेहरिया की बर्खास्तगी की मांग प्रभारी मंत्री और ऊर्जा मंत्री से मिलकर जनपद सदस्य करेंगे. पुष्पा भूपेंद्र जाट ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं महेंद्र सिंह धाकड़ ने क्षेत्र में अधूरे पड़े आंगनवाड़ी भवनों को पूर्ण कराने की बात कही. जनपद सदस्य जालम सिंह गौर ने सिविल अस्पताल में रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने पर नाराजगी जताई. बैठक में सभी जनपद सदस्यों के अलावा खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे.

# मुरम से भरे 9 डंपर एक पोकलेन जब्त

**भोपाल.** खनिज विभाग ने बैरसिया रोड स्थित ईटखेड़ी में मुरम से भरे 9 डंपर और एक पोकलेन मशीन जब्त की है, जिन्हें ईंटखेड़ी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया. खनिज विभाग की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया. इस दौरान कइयों ने रास्ते ही बदल लिए थे. खनिज विभाग का अमला सुबह से शाम तक कार्रवाई में जुटा रहा.

उल्लेखनीय है कि भोपाल जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक में 11 जुलाई को उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर आदि ने खदानों के आसपास तार फेंसिंग नहीं होने और अवैध खनन का मुद्दा उठाया था.

# एम्स में माधुरी के नेत्र और त्वचा दान

## नेत्र से दो दृष्टिहीन देख सकेंगे, त्वचा से झुलसे मरीज को मिलेगी राहत

- पति और भतीजे ने दान करवाए नेत्र और त्वचा

**भोपाल, 16 जुलाई. हॉस्पिटल कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के तहत एम्स भोपाल में मंगलवार को नेत्र एवं त्वचा दान संपन्न हुआ. मध्य प्रदेश निवासी 54 वर्षीय माधुरी विश्वरूप ने अपनी मृत्यु के बाद अपनी दोनों आंखें और त्वचा दान कीं, जिससे नेत्रहीनों को दृष्टि और झुलसे मरीजों को राहत मिल सके.**

उनके पति और भतीजे ने यह नेत्रदान खुशी-खुशी करवाया, यह कहते हुए कि वे चाहते हैं कि उनकी पत्नी और बुआ किसी की आंखों में जीवित रहें. नेत्र रोग विभाग इस महान कार्य के लिए समर्पित है. विभाग की प्रमुख का कहना है कि दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान करना किसी भी दिवंगत व्यक्ति द्वारा छोड़ी गई सबसे महान विरासतों में से एक है.




### दानदाता परिवार को नमन करते हैं

उन्होंने इस कार्य में जुटी अपनी नेत्र बैंक टीम पर गर्व व्यक्त किया. इस अवसर पर प्रो. अजय सिंह ने कहा, नेत्र एवं त्वचा दान न केवल नेत्रहीनों और गंभीर रूप से झुलसे मरीजों के लिए आशा की किरण है, बल्कि यह दर्शाता है कि मृत्यु के बाद भी कोई व्यक्ति दूसरों के जीवन में रोशनी भर सकता है. एम्स भोपाल ऐसे मानवीय प्रयासों का सशक्त स्तंभ बना हुआ है, और हम दानदाता परिवार की उदारता एवं साहस को नमन करते हैं. एम्स भोपाल, माधुरी विश्वरूप के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना और आभार व्यक्त करता है. उनका यह निर्णय न केवल कई लोगों की जिंदगी में रोशनी लाएगा, बल्कि समाज में नेत्रदान के प्रति जागरुकता और प्रेरणा भी फैलाएगा.

# कैलाश सक्सेना पुन: अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव बने



**बैरसिया.** मध्यप्रदेश अधिकारी - कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष एमपी द्विवेदी ने बैरसिया के वरिष्ठ कर्मचारी नेता कैलाश सक्सेना को पुन: मंगलवार को नियुक्ति पत्र जारी कर अधिकारी - कर्मचारी संयुक्त मोर्चा में प्रांतीय सचिव एव बैरसिया तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है. इधर कैलाश सक्सेना की नियुक्ति पर क्षेत्र के अधिकारी - कर्मचारियों ने मोर्चे के प्रांतीय अध्यक्ष द्विवेदी का आभार व्यक्त करते हुए सक्सेना को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाइयां दी है. बधाई देने वालों में पर्वत गिरि गोस्वामी, मनोज शर्मा, विजय यादव, राजेश दुदानी, नसीम खान, जुगल किशोर सक्सेना, मुकेश सोनी, रामेश्वरदयाल शर्मा, डीआर राजपूत आदि ने शामिल हैं.

# ऑटो ने बाइक को सामने से मारी टक्कर, 2 घायल

- भोपाल- विदिशा हाइवे 18 पर हुई घटना

**सलामतपुर, 16 जुलाई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर वाटिका ढाबे के पास बुधवार देर रात एक तेज़ रफ़्तार सवारी ऑटो ने मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार 2 लोग घायल हो गए. सांची सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को विदिशा अस्पताल रेफर किया गया है.**

वहीं पुलिस ने ऑटो ज़ब्त कर चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस का मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार फरियादी राजेन्द्र कुमार शर्मा पिता बीएल शर्मा निवासी बंटी नगर विदिशा अपने साथी सालकराम सेन की बाइक एमपी 04 क्यूयू 2427 से विदिशा से भोपाल जा रहे थे. रास्ते में वाटिका ढाबे के पास बेरखेड़ी चौराहे से सांची जा रहे सवारी ऑटो एमपी 04 आरए 9097 के चालक ने ऑटो चलाते हुए टक्कर मार दी.

टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल चला रहे सालकराम सेन और पीछे बैठे राजेन्द्र कुमार शर्मा दोनों व्यक्ति दूर जा फिकाए, पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को डायल 100 की मदद से सांची सिविल अस्पताल भर्ती कराया.

# बाइक पर बैठने पर विवाद

## डंडे से पीटा, केस दर्ज

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर.16 जुलाई. थाना क्षेत्र अंतर्गत भरतीपुर गांव में मोटरसाइकिल पर बैठने जैसी ज़रा सी बात पर दो युवकों के बीच जमकर डंडे चल गए. जिसमें एक युवक का सिर फट गया. पुलिस ने आरोपी युवक राजा धानक निवासी भरतीपुर गांव के विरुद्ध फरियादी बाबूलाल धानक निवासी भरतीपुर गांव की रिपोर्ट पर धारा 115( 2 ),296, 351( 3 ) बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है.**

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भरतीपुर गांव में गोरालाल की दुकान पर राजा धानक अपनी मोटरसाइकिल से सामान लेने आया था. और उसने अपनी मोटरसाइकिल दुकान के सामने खड़ी कर दी. तभी गांव के ही बाबूलाल धानक उसकी मोटरसाइकिल पर बैठ गए. राजा ने मोटरसाइकिल पर बैठने को मना किया.

> बाबूलाल मोटरसाइकिल से नहीं उठा तो राजा धानक ने गाली गलौच करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी. पिटाई से बाबूलाल का सिर फट गया और उसके हाथों में भी चोट लग गई. बाबूलाल को प्राथमिक उपचार के लिए सांची सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां पर उसका उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई. वहीं पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है.

# ऑनलाइन-ऑफलाइन परीक्षा अक्टूबर में

## नारायण शैक्षणिक योग्यता परीक्षा का 20वां संस्करण शुरू

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 जुलाई. नारायण शैक्षणिक संस्थान ने नारायण शैक्षणिक योग्यता परीक्षा का 20वां संस्करण शुरू किया है.**

मप्र नारायण आईआईटी-जेईई, नीट, फाउंडेशन अकादमी के डीजीएम सलाम ने बताया कि एनएसएटी एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक शैक्षणिक योग्यता परीक्षा है, जो कक्षा 5 से 11 (विज्ञान) तक के छात्रों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है. इसमें उत्कृष्टता के लिए 1 करोड़ रुपये से अधिक का नकद पुरस्कार दिया जाता है. योग्य उम्मीदवार अपनी शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए 100त्न वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं.

सलाम ने बताया कि यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से परीक्षा आयोजित की जाएगी. ऑफलाइन परीक्षा 5 और 12 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी.


NAME CHANGE NOTICE

I, BAHEROEZ SALMAN KHAN hereby declare that I have changed my name from BAHEROEZ SALMAN to BAHEROEZ SALMAN KHAN. In future I will be kown by the name - **BAHEROEZ SALMAN KHAN, S/o SALMAN ANWAR KHAN** residing at H.N.8 NRI Lake View Colony, Kohefiza, Bhopal (MP) 462001.



-:आम सूचना:-

(भूखण्ड क्रमांक 123, सर्वधर्म गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल, स्थित ग्राम बंजारी, तहसील कोलार, जिला भोपाल के संबंध मे)

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री नीरज चतुर्वेदी आत्मज स्व. श्री एस.सी. चतुर्वेदी, निवासी-95, चित्रगुप्त नगर, कोटरा, सुल्तानाबाद, भोपाल, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड 123, जो कि वर्तमान खसरा क्रमांक 11/1 के अंश भाग पर होकर सर्वधर्म गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल, स्थित सी-सेक्टर ग्राम बंजारी, कृष्ण करीम नगर, अर्थात के.के. नगर कॉलोनी, कोलार रोड, तहसील कोलार, जिला भोपाल में नगर पालिक निगम की सीमाओं के अन्दर वार्ड क्रमांक 82 में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार है पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 124-ए, पश्चिम में-कॉलोनी का मार्ग, उत्तर में-अन्य की भूमि, दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 121 है जिसका कुल क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर है, जिसको क्रय करनें हेतु मेरे पक्षकार के पक्ष में संव्यवहार हो गया है एवं बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है और अब विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष है। अतः उक्त भूखण्ड क्रं. 123 के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय या किसी वारिसान को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तातरण, अनुबंधित इत्यादि हो या किसी व्यक्ति का हित या कोई बकाया शेष हो तो वह व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि निकलने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरे पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेगा।

संजय सक्सेना अधिवक्ता
एम.बी.-40, सी-ब्लाक, मेजेनाईन फ्लोर
मानसरोवर काम्पलेक्स, हबीबगंज, भोपाल
मो.- 98263 77179, 0755-4222197



कार्यालय पुलिस उपायुक्त, ( मुख्यालय ) नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/452/25 दिनांक 11.07.2025

ई-निविदा सूचना

मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022 के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांगर्तत कार्य का विवरण में दर्शाये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना टी.टी. नगर नगरीय पुलिस भोपाल में बाथरूम मरम्मत कार्य. | 1000/- | 3,66,053/- | 12,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाइन जमा की जावेगी.
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है. ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी.
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है. साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है.

शेड्यूल

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 11.07.2025 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 11.07.2025 के 17.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 01.08.2025 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 02.08.2025 के 12.00 बजे |
| प्री बिड मीटिंग | दिनांक 18.07.2025 के 12.00 बजे |
| प्रीबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम, भोपाल |

जी- 15689/2025

पुलिस उपायुक्त ( मुख्यालय )
नगरीय पुलिस, भोपाल



कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई, जिला बैतूल म .प्र .
ऑफिस और फैक्स नं .- 07147-224541
ई-मेल आईडी- supdtofsubjailmultai@gmail.com

क्रमांक/737/निविदा/2025 मुलताई, दिनांक 6/7/2025

ई-निविदा विज्ञप्ति

वर्ष 2025-2026

जेल मुख्यालय के पत्र क्रमांक 9663/भवन/ 2025 भोपाल दिनांक 15/4/2025 के द्वारा 64-001 मद अंतर्गत 02 अतिरिक्त व्ही .सी . कक्षों के निर्माण हेतु एवं पत्र क्रमांक 9645/ वित्त बजट/ 2025 भोपाल दिनांक 15/4/2025 के द्वारा 33-001 स्थाई संपत्तियों का अनुरक्षण मद में 15 आवासगृहों हेतु स्वीकृति दी गई है, साथ ही जेल में वर्ष 2025-26 में अन्य अनुरक्षण कार्यों में लगने वाली सामग्रियों हेतु मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के तहत सब जेल मुलताई में उक्त कार्यों को करवाए जाने हेतु लगने वाली सामग्रियों की आपूर्ति हेतु ई-निविदा वर्ष 2025-26 ई-टेंडरिंग पद्धति के माध्यम से ऑनलाइन दिनांक 31/7/2025 को सायं 5 .00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं .

निविदा का अनुमानित मूल्य

| क्र . | सामग्री | ई-निविदा की अनुमानित राशि | 03 प्रतिशत प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|
| 1 . | वी .सी . कक्ष निर्माण सामग्री, विद्युत सामग्री एवं शासकीय आवास गृहों के अनुरक्षण कार्य में लगने वाली सामग्री एवं अन्य अनुरक्षण कार्य . | 5,00,000 | 15,000 |

निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है . निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-निविदा का विवरण

| क्र . | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 . | प्री-बिड मीटिंग | 18/7/2025 प्रात : 11 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई, जिला बैतूल |
| 2 . | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/- तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु रुपए 1000/- प्रति फार्म राशि महालेखाकार ग्वालियर म .प्र . शीर्ष 0056, जेलें-800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी . | 31/7/2025 शाम 4 .00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किए जा सकेंगे . |
| 3 . | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 31/7/2025 शाम 5 .00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी . |
| 4 . | तकनीकी निविदा खोलने ( आवश्यक दस्तावेज ) की तिथि | 1/8/2025 प्रात : 11 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |
| 5 . | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 2/8/2025 दोपहर 11 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |

G15731/25

सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल मुलताई
जिला बैतूल म .प्र .




# पार्थिव शिवलिंग बनाकर कर रहे रुद्राभिषेक

**मंडीदीप, 16 जुलाई. औद्योगिक शहर भक्ति में हुआ सावन के महीने में, रुद्री का निर्माण और रुद्राभिषेक पूरे नगर में भक्ति भाव से किया जा रहा है.**

लोग अपने घरों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर रहे हैं, और रुद्राभिषेक के माध्यम से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं. सावन में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसे करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं. यह न केवल सुख, शांति और समृद्धि लाता है, बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करता है. नगर में भी सावन के महीने में, रुद्राभिषेक की धूम है. घरों में रुद्री का निर्माण हो रहा है और लोग विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर रहे हैं. यह भक्ति और श्रद्धा का समय है, जब लोग भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति प्रकट करते हैं.


कार्यालय पुलिस उपायुक्त, ( मुख्यालय ) नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/451/25 दिनांक 11.07.2025

ई-निविदा सूचना

मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022 के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांगर्तत कार्य का विवरण में दर्शाये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोन-1 में फॉल सीलिंग एवं प्रोफाइल शीट का कार्य | 1000/- | 4,99,574/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाइन जमा की जावेगी.
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है. ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी.
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है. साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है.

शेड्यूल

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 11.07.2025 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 11.07.2025 के 17.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 01.08.2025 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 02.08.2025 के 12.00 बजे |
| प्री बिड मीटिंग | दिनांक 18.07.2025 के 12.00 बजे |
| प्रीबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम, भोपाल |

जी- 15729/2025

पुलिस उपायुक्त ( मुख्यालय )
नगरीय पुलिस, भोपाल